यूपी में निवेश योजनाओं के लिए 70 हजार मासिक पर रखे जाएंगे उद्यमी मित्र, जानें कितने पद

यूपी में  योगी सरकार ने निवेश परियोजनाओं को आगे बढ़ाने को मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र योजना को मंजूरी दे दी। इसके तहत एक साल के अनुबंध पर 105 उद्यमी मित्र के पद सृजित होंगे।



 योगी सरकार निवेश परियोजनाओं को आगे बढ़ाने को कैबिनेट ने शनिवार को मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र योजना को मंजूरी दे दी। इसके तहत एक साल के अनुबंध पर 105 उद्यमी मित्र के पद सृजित होंगे। इन्हें 70 हजार रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। साथ ही भत्ते भी दिए जाएंगे।  एक साल बाद अनुबंध बढ़ाया जा सकता है।

इनकी तैनाती जिलों व इन्वेस्ट यूपी के मुख्यालय में होगी। इसके लिए 60 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री, कम्प्यूटर ज्ञान, हिंदी व अंग्रेजी ज्ञान, साक्षात्कार के आधार पर चयन समिति द्वारा किया जाएगा। उद्यमी मित्र का काम निवेश परियोजना स्थल का निरीक्षण करना, निवेश प्रक्रिया से निवेशकों को अवगत कराना है।